खबर संक्षेप

गेल 7,000 करोड़ रुपए की जुटाएगी उधारी

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र की गैस उत्पादक गेल इंडिया लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष में 10,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए 7,000 करोड़ रुपये कर्ज लेने की योजना बनाई है। गेल इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस के गुप्ता ने कहा, वित्त वर्ष 2023-24 में हमारी 10,000 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है।

अमेरिकी ने ताइवान के साथ किया व्यापार करार

वाशिंगटन। अमेरिका ने ताइवान के साथ एक सामान्य व्यापार समझौता किया है, जो इसके लिए वाशिंगटन के समर्थन का संकेत देता है। ताइवान को लेकर चीन लगातार दबाव बढ़ा रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई ने कहा कि अमेरिका-ताइवान पहल के तहत हुए इस समझौते से आगे चलकर एक बड़े सौदे के लिए मंच तैयार होने की उम्मीद है।

शी ने की व्यापार, ऊर्जा विकास की अपील

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को एक बैठक में मध्य एशिया के साथ अधिक रेलवे और अन्य व्यापार संपर्क बनाने का वादा किया। इसके साथ ही उन्होंने में तेल और गैस स्रोतों को संयुक्त रूप से विकसित करने का प्रस्ताव भी दिया। उन्होंने पश्चिमी शहर शीआन में दो दिवसीय चीन-मध्य एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान यह बता कही।

500% से ज्यादा चढ़े डिफेंस कंपनी के शेयर, 500 से बढ़कर 3000 रुपए के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकारी डिफेंस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयरों ने इनवेस्टर्स को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर पिछले 3 साल में 500 रुपए से बढ़कर 3000 रुपए के पार पहुंच गए हैं।

■ एयरोनॉटिक्स के शेयरों ने 3 साल के पीरियड में 511 पर्सेंट का रिटर्न दिया

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयरों ने 3 साल के पीरियड में 511 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 3168 रुपए है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 1629 रुपए है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के शेयर 8 मई 2020 को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 501.35 रुपए के स्तर पर थे।

कंपनी के शेयर 19 मई 2023 को बीएसई में 3069.65 रुपए के स्तर पर हैं। अगर किसी व्यक्ति ने 8 मई 2020 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयरों में 1 लाख रुपए लगाए होते और अपने इनवेस्टमेंट को बनाए रखा होता तो मौजूदा समय में यह पैसा 6.12 लाख रुपए होता।

कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 3168 रुपए

विदेशी निवेशक बढ़ा रहे हिस्सेदारी

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के स्टॉक फॉरेन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स के फेवरिट बने हुए हैं। विदेशी निवेशकों ने पिछली 4 तिमाहियों से लगातार सरकारी डिफेंस कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। 31 मार्च 2023 को खत्म हुई तिमाही में कंपनी में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 9.07 पर्सेंट पहुंच गई है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 4.37 पर्सेंट थी। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक रिपोर्ट में कही गई है।

एफडी ने भी बढ़ाया हिस्सा

म्यूचुअल फंड्स ने भी लगातार हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाई है। मार्च 2023 तिमाही के आखिर में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स में म्यूचुअल फंड्स की हिस्सेदारी बढ़कर 8.84 पर्सेंट पहुंच गई, जो कि दिसंबर 2021 तिमाही में 6.05 पर्सेंट थी। स्ट्रॉन्ग ऑर्डर बुक और रेवेन्यू ग्रोथ प्रॉस्पेक्ट्स को देखते हुए ज्यादातर एनालिस्ट्स हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स पर बुलिश हैं।

टाटा मोटर्स के शेयरों में सर्वाधिक तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी

गिरावट पर ब्रेक : शेयर बाजार संभला, सेंसेक्स 298 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और विदेशी पूंजी की आवक बने रहने के बीच घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों की गिरावट के बाद शुक्रवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बढ़त हासिल करने में सफल रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स अंतिम दौर में खरीदारी का जोर रहने से 297.94 अंक यानी 0.48 प्रतिशत बढ़कर 61,729.68 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक निफ्टी भी 73.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत चढ़कर 18,203.40 अंक पर पहुंच गया। इसके पहले लगातार तीन दिनों तक सेंसेक्स एवं निफ्टी दोनों में ही गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाटा मोटर्स के शेयरों में सर्वाधिक तीन प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, एनटीपीसी, एशियन पेंट्स, टाइटन एवं पावर ग्रिड के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

निफ्टी भी 73.45 पाइंट चढ़कर हुआ 18,203.40 अंक

बढ़त पर दुनिया के बाजार

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया को कॉस्पी एवं जापान का निक्की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट एवं हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट पर रहे। यूरोप के शेयर बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। एक दिन पहले गुरुवार को अमेरिकी बाजार भी बढ़कर बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.78 प्रतिशत चढ़कर 76.45 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

अडाणी समूह के शेयरों में तेजी : अडाणी समूह के शेयरों के बारे में उच्चतम न्यायालय की तरफ से गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में किसी नियामकीय नाकामी का जिक्र नहीं किए जाने से समूह की सभी 10 कंपनियों में तेजी की स्थिति रही। किसी निर्णायक दिशा का अभाव होने पर भी घरेलू बाजार सकारात्मक दशा में बंद हुए।

रुपया 5 पैसे की गिरावट के साथ 82.67 प्रति डॉलर पर

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 5 पैसे की गिरावट के साथ 82.67 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशों में डॉलर की मजबूती और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने से रुपये में गिरावट आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयर बाजार में मजबूती के रुख और विदेशी पूंजी निवेश बने रहने के कारण रुपये को कुछ समर्थन मिला और गिरावट पर कुछ अंकुश लगा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.71 प्रति डॉलर पर खुला।

सोना 105 रुपए टूटा चांदी में तेजी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 105 रुपए की गिरावट के साथ 60,045 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत भी 255 रुपए बढ़कर 73,500 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की हाजिर कीमत 105 रुपए की गिरावट के साथ 60,045 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई।'

कॅरियर गाइडेंस 'सिनोस्योर' का आयोजन

के.आर.मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा फार्मेसी में विभिन्न कैरियर के अवसरों के बारे में छात्रों को फार्मेसी पाठ्यक्रम करने के लिए चिकित्सा और संबद्ध विज्ञान के स्कूल द्वारा किया गया। फार्म के की भविष्य की संभावनाओं के बारे में छात्रों को जागरूक करने के लिए यह एक आवश्यक अभ्यास था। के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय द्वारा आमंत्रित रिसोर्स पर्सन इस आयोजन के लिए एलएचएमसी में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दिवाकर शर्मा थे। इस कार्यक्रम का प्रबंधन और मार्गदर्शन इवेंट समन्वय कों असिस्ट प्रोफेसर श्री अमित मिश्रा (SMAS), असिस्ट द्वारा किया गया था। प्रो. डॉ. इंदुसिंह (एसएमएएस) औरअसिस्ट प्रो.दीपिका मोदी कार्यक्रम में 160 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन का नतीजा यह रहा कि फार्मेसी करने के बाद करियर के अवसरोंके बारे में जानकर छात्र बहुत खुश हुए और उन्होंने उद्योग के विशेषज्ञों के साथ-साथ विद्वान शिक्षकों से इस तरह के अनमोल ज्ञान प्राप्त करने के बाद वास्तव में पूर्ण महसूस किया । यह आयोजन बहुत ही सकारात्मक नोट पर संपन्न हुआ। आयोजन को लेकर छात्र-छात्राएं काफी उत्साहित महसूस कर रहे थे। के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए यह आंखें खोलने वाला अनुभव था। इस आयोजन से विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार हुआ।

दिल्ली और मुज़फ़्फ़रपुर जं. के बीच चलेगी आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी

नई दिल्ली। सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेल यात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे, दिल्ली से मुज़फ़्फ़रपुर जं० के बीच दिनाँक 20.05.2023 को स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04048/04047 का संचालन निम्नानुसार करेगी :- 04048 दिल्ली – मुज़फ़्फ़रपुर जं० आरक्षित स्पेशल रेलगाड़ी दिनांक 20.05.2023 को दिल्ली से रात्रि 11.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रिः 09.15 बजे मुज़फ़्फ़रपुर जं० पहुंचेगी । वापसी दिशा में 04047 मुज़फ़्फ़रपुर जं० - दिल्ली आरक्षित स्पेशल दिनाँक 21.05.2023 को मुज़फ़्फ़रपुर जं० से रात्रि 11:30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन रात्रि 11.00 बजे दिल्ली पहूँचेगी । शयनयान तथा सामान्य श्रेणी के डिब्बों वाली यह स्पेशल रेलगाड़ी मार्ग में मुरादाबाद, चंदौसी जं०, लखनऊ, गोरखपुर, छपरा, तथा हाजीपुर जं० स्टेशनों पर ठहरेगी ।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सरकार को 87,416 करोड़ का लाभांश देगा रिजर्व बैंक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2022-23 के लिये 87,416 करोड़ रुपए के लाभांश भुगतान को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। यह इसके पहले वित्त वर्ष के लाभांश भुगतान के मुकबले करीब तिगुना है। वित्त वर्ष 2021-22 में लाभांश भुगतान 30,307 करोड़ रुपए था। गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की 602वीं बैठक में लाभांश भुगतान का निर्णय लिया गया। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा, 'निदेशक मंडल ने किसी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिये 'आकस्मिक जोखिम बफर' को छह प्रतिशत रखने का फैसला करते हुए लेखा वर्ष 2022-23 के लिये अधिशेष के रूप में 87,416 करोड़ रुपए केंद्र सरकार को अंतरित करने को मंजूरी दी। निदेशक मंडल ने वैश्विक और घरेलू आर्थिक तथा उससे जुड़ी स्थितियों की भी समीक्षा की। आरबीआई के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2022-23 में आरबीआई के कामकाज की समीक्षा के साथ सालाना रिपोर्ट तथा लेखा को मंजूरी दे दी।

देश का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली। देश का रक्षा उत्पादन पहली बार एक लाख करोड़ रुपए के पार पहुंच गया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का अस्थाई आंकड़ा 1,06,800 करोड़ रुपए रहा है।रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रक्षा उत्पादन बढ़ाने के सतत प्रयासों से वित्त वर्ष 2022-23 में रक्षा उत्पादन का कुल मूल्य पहली बार एक लाख करोड़ रुपए के आंकड़े से अधिक रहा। मंत्रालय ने कहा, बीते वित्त वर्ष में रक्षा उत्पादन का मूल्य फिलहाल 1,06,800 करोड़ रुपये आंका गया है। निजी क्षेत्र की कुछ रक्षा इकाइयों से आंकड़ा मिलने के बाद इस मूल्य में अभी बढ़ोतरी होगी। इस तरह रक्षा उत्पादन में 12 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके पहले वित्त वर्ष 2021-22 में रक्षा उत्पादन 95,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा था। रक्षा मंत्रालय ने उत्पादन मूल्य में बढ़ोतरी के लिए सरकार के प्रोत्साहक कदमों को श्रेय देते हुए कहा, सरकार लगातार रक्षा मंत्रालय और उससे जुड़ी इकाइयों के साथ मिलकर काम कर रही है।

NOTICE

I, Anjali Goyal D/o Sh. Anand Goyal R/o 132 State Bank Nagar, Paschim Vihar New Delhi-110063 declare that I have lost my documents metioned below on 10th May 2023:- MBA Final Degree issued by Vice Chancellor, MBA First Semester Statement of Marks, MBA Second Semester Statement of Marks Transcript all issued by Dr. APJ Abdul Kalam Technical University Lucknow. I have lodged FIR No. 433863/2023 dt. 11.05.2023 with Delhi Police.

Notice of Change of Company Address of Detroids Pvt Ltd

दिनांक: 20 मई 2023

कृपया ध्यान दें कि DETROIDS PRIVATE LIMITED का पंजीकृत पता

बी-301, बीएलजीसी सुपर्ब, जीएच-004 जेपी अस्पताल आरडी, सेक्टर 110 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201304 को 202-बी विंग, कमलाबाई सदन, डी'मोंटे स्ट्रीट, बांद्रा (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र, 400050 से बदला जा रहा है

सभी संचार और पत्राचार तत्काल प्रभाव से नए पते पर संबोधित किए जाने चाहिए

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता–एसपीएल/वर्क्स, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई–निविदा आमंत्रण।

1	**कार्य का नाम :** सीनियर डेन/एसपीएल/वर्क्स के तहत हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर 4.0 मीटर चौड़े वॉकवे द्वारा एफओबी नंबर 2 और एफओबी नंबर 3 का कनेक्शन।
2	**कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 1,90,89,849.57/- (एक करोड़ नब्बे लाख उनासी हजार आठ सौ उनचास और सत्तावन पैसे।)
3	**बयाना राशि :** रु. 2,45,500.00/- (दो लाख पैंतालीस हज़ार पांच सौ मात्र।)
4	**निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु. 0.00
5	**निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** 13.06.2023 को 15:00 बजे तक।
6	**वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध।
7	**आवंटन :** PH-53

- ठेकेदारों को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए।
- सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ ई-निविदा सूचना/NIT/7/2023-24/SPL/Works दिनांक: 18.05.2023 1514/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राशिफल

मेष — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। परिवार में आपसी मतभेदों से बचें।

वृष — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। मन परेशान करेगा।

मिथुन — मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में निवेश कर सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कर्क — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। मानसिक तनाव बढ़ सकता है। नौकरी में अफसरों से मतभेद से बचें।

सिंह — कार्यक्षेत्र का विस्तार हो सकता है। संचित धन की स्थिति में सुधार होगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उपहार में वस्त्र प्राप्त हो सकते हैं।

कन्या — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के साधन बन सकते हैं। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

तुला — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

वृश्चिक — कारोबार का विस्तार होगा। लाभ में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कला या संगीत में रुचि बढ़ सकती है। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी।

धनु — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी साझेदारी के कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी। मीठे खानपान के प्रति रुझान हो सकता है।

मकर — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

कुंभ — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ सकती है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

मीन — शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। मीठे खानपान के प्रति रुझान बढ़ सकती है।

600 अरब डॉलर हुआ देश का विदेशी मुद्रा भंडार

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12 मई को समाप्त सप्ताह में 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 599.53 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह, देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 7.19 अरब डॉलर बढ़कर 595.97 अरब डॉलर रहा था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। वैश्विक घटनाओं के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक के रुपये के बचाव के लिए मुद्राभंडार के उपयोग से इसमें गिरावट आई। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 12 मई को समाप्त सप्ताह में, मुद्राभंडार का अहम हिस्सा, विदेशीमुद्रा आस्तियां 3.577 अरब डॉलर बढ़कर 529.598 अरब डॉलर हो गयी। आंकड़ों के अनुसार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 3.5 करोड़ डॉलर घटकर 18.41 अरब डॉलर रह गया। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में रखा देश का मुद्रा भंडार 2.8 करोड़ डॉलर घटकर 5.16 अरब डॉलर रह गया।

■ विदेशीमुद्रा आस्तियां 3 .577 अरब डॉलर बढ़कर 529 .598 अरब डॉलर हो गया

NOTICE

I, Anjali Goyal D/o Sh. Anand Goyal R/o 132 State Bank Nagar, Paschim Vihar New Delhi-110063 declare that I have lost my documents metioned below on 10th May 2023:- BCA final degree issued by Vice Chancellor, BCA IIIrd Semester Statement of Marks, BCA Transcript all issued by Chaudhary Charan Singh University Meerut. I have lodged FIR No. 433879/2023 dt. 11.05.2023 with Delhi Police.

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/डीएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर निगम, रोहतक	वार्ड नं. 6, रोहतक में वाल्मिकी मुक्ति धाम की चारदिवारी का निर्माण + 13 कार्य।	17.05.2023 24.05.2023	1.40 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	xenmcrohtak@gmail.com
2	नगर निगम, रोहतक	राजेन्द्र कॉलोनी, वार्ड नं. 22, एम.सी. रोहतक में सोनू आटा चक्की की गली के सामने, आईपीबी का प्रावधान व बिछाना।	17.05.2023 24.05.2023	5.33 लाख	https://etenders.hry.nic.in	xenmcrohtak@gmail.com
3	नगर निगम, रोहतक	पांडव नगर, वार्ड नं. 3, रोहतक में मेन गली पंडित के मकान से कमल, साधुराम, नरेन्द्र सिंह, जय भगवान, योगेश और सूरज जांगड़ा वाली गली में आईपीबी टाइल का निर्माण।	17.05.2023 24.05.2023	14.22 लाख	https://etenders.hry.nic.in	xenmcrohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/17968/I/88/7 दि. 19.05.23

शब्द पहेली - 5158



बाएँ से दाएँ

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

ऊपर से नीचे

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

शब्द पहेली- 5157 का हल

स	ज	दा	क	र	ना	■	म	त	वा	ला
ह	रा	■	त	■	का	म	ना	■	दा	वा
न	■	बे	र	ह	म	■	ना	रा	■	रि
शी	ल	वा	न	■	या	द	■	नी	र	स
ल	■	प	■	ख	ब	र	ची	■	न	■
ता	र	न	हा	र	■	का	न	भ	र	ना
■	म	■	र	ह	ब	र	■	यं	■	प
प्र	ण	य	■	रा	हु	■	ब	क	वा	स
ति	■	दा	स	■	बे	क	रा	र	■	न्द
का	न	■	चि	रा	ग	■	म	■	क	हो
र	म	जा	न	■	म	द	द	क	र	ना

सूडोकु नवताल - 5163

★★★★☆ कठिन

4					1	9		
						8	5	
			7	3				
			3				4	7
9								2
8	5				6			
				5	8			
	7	4						
		6	2					5

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5162 का हल

2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1